>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Madhya Pradesh for construction of Chandla − Mataundh and Rampur Ghat − Kandela roads under Central Road Fund-laid.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): खजुराहो संसदीय क्षेत्रान्तर्गत आने वाली चन्दला-सरपई-गौरिहार-मटौंध मार्ग लम्बाई 42 कि0मी0 उत्तर प्रदेश सीमा से जुड़ती है। यह मार्ग आर्थिक, अंतर्राज्यीय एवं पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। चन्दला-मटौंध मार्ग एवं रामपुर घाट (उत्तर प्रदेश सीमा) - कंदेला मार्ग बनने पर सीधे उत्तर प्रदेश को विश्व प्रसिद्ध खजुराहो पर्यटन स्थल से जोड़ा जा सकता है। इस मार्ग को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) के अंतर्गत सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय में प्रस्ताव भेजा गया, जो कि लंबित है। इस मार्ग की मंजूरी न मिलने से जनता में आक्रोश है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस अति महत्वपूर्ण मार्ग को शीघ्र स्वीकृति एवं बजट दिये जायें।